आज के इस यांत्रिक युग में व्यक्ति का अधिकांश कार्य यंत्र कर देता है. जिसमें भावनाओं का आंशिक ही सम्मिश्रण होता है. जबकि हस्तप्रत लेखन से जुड़े लोग अपनी भावना, अपने समर्पण, श्रुतसेवा के प्रति पूजनीय भाव, एक-एक अक्षरदेह को सरस्वती का स्वरूप समझकर तथा जिनवाणी को प्रत्यक्षदर्शन कराने के लिये अपनी कला, अपनी विद्या तथा अपनी अनुपम सेवा का अद्भुत परिचय देते हैं.

यदि एक प्रतिलेखक को विद्वान, कलाकार, श्रुतभक्त व परोपकारी कहा जाय तो अतिशयोक्ति नहीं होगी. शुद्धतापूर्वक लिखने से वह प्रतिलेखक एक विद्वान है, कलात्मक, आकर्षक, सुंदर व सुवाच्य अक्षरों में लिखने से कलाकर भी कह सकते हैं. लिखते समय सावधान होकर भूल व त्रुटि न हो इसके लिये जागरूक रहने से इनमें श्रुतभक्ति देखी जाती है. प्रामाणिक लेखन साधन-सामग्री का यथोचित

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

उपयोग करने से ही तो आज ये दुर्लभ, महिमामयी हस्तप्रतें हम अपने हाथों में रखकर प्रत्यक्ष दर्शन करते हैं. इस दृष्टिकोण से हम इनके चिरऋणी है. प्रतिलेखकों के शुद्ध व प्रामाणिक लेखन से ही आज हम इतिहास का वास्तविक दर्शन कर पाते हैं. हस्तप्रतों से संलग्न विद्वानों के भाव को तथा लेखन शैली एवं इनके उद्गारों को यदि संकलन किया जाय तो एक महाग्रंथ बन जायेगा. अब हस्तप्रतों से संबद्ध विविध विद्वानप्रकारों को अधोलिखित रूप से बताने का प्रयास करते हैं-

विद्वान प्रकार

प्रतिलेखक-हस्तप्रत लिखने का जो कार्य करे उसे लिपिकार, प्रतिलेखक या लहिया कहते हैं. हस्तप्रतों में यह सूचना प्रतिलेखन पुष्पिका के अंदर मिलती है. प्रतिलेखक संपूर्ण प्रत लिखने के बाद अंत में प्रतलेखन से जुडी अनेक बातों का विवरण देता है. प्रतिलेखक अपनी योग्यता तथा अभिरुचि के अनुसार कभी तो सीधी-सादी भाषा में तो कभी गूढार्थ/पर्यायगर्भित व सांकेतिक रूप में प्रतिलेखन पुष्पिका में अपना संपूर्ण विवरण देता है.

यह पुष्पिका प्रायः गद्यात्मक होती है, क्वचित् पद्यमय भी देखी जाती है. इसके अन्तर्गत लेखन संवत्, मास, पक्ष, तिथि, दिन, कोई विशेष प्रसंग हो तो उसका उल्लेख, लेखन स्थल, लिखवानेवाला, लेखनप्रेरक, राज्यकाल, गच्छाधिपतिराज्य, पठनार्थे आदि विवरणों के साथ उल्लेख करता है, जिस धर्मस्थान में लिखा जा रहा हो उस स्थान का भी उल्लेख करते हैं,

उक्त सूचनाओं में से सभी सूचनाएँ सभी प्रतों में नहीं मिलती है. ये सूचनाएँ अनियमित रूप से मिलती है. किसी प्रत में आंशिक, किसी में सीमित, किसी में मात्र लेखन संवत्, किसी में लेखन स्थल तो किसी में सविस्तृत सूचनाएँ भी मिलती है. यदि स्तुति, स्तोत्र, स्तवन, सज्झाय, प्रकरणादि की संग्रहात्मक प्रत हो अथवा आकार में बड़ी प्रत हो, तो थोड़े-थोड़े अन्तराल पर कृति पूर्ण होने पर अलग-अलग संवत्, स्थल, प्रतिलेखक व पठनार्थे आदि सूचनाएँ भी मिलती हैं. कभी गुरुपरंपरापूर्वक तो कभी मात्र अपने नाम का ही उल्लेख मिलता है. उपर्युक्त पाठांशों के कुछेक उदाहरण देखने योग्य है,यथा-

गूढार्थ/पर्याय/संकेतगर्भित प्रतिलेखन पुष्पिका-प्रतसंख्या-७३२१८ में उल्लिखित-संव्वत् १९०३ वर्षे भाद्रपदस्याकृष्णसप्तम्यान्तिथा७वादित्यजे सकलपंडित कविसार्वभौमः पं.।श्री १०८श्रीफतेन्द्रसागरगणेश्शिष्य मुनिना चिमनसिन्धुनालेखि

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शीघ्रगतिना सन्ध्यायाम् ॥श्रीवालीग्रामे। जालोरी पडगने॥ अर्थात् संवत्-१९०३ भाद्र (अकृष्ण) शुक्लपक्ष सप्तमी, (आदित्यज)शनिवार को सकलपंडित कविसार्वभौम पं.श्री १०८ श्रीफतेन्द्रसागरगणि के शिष्य मुनि चिमनसागर के द्वारा सन्ध्याकाल में शीघ्रतापूर्वक यह प्रत लिखी गयी. जालोरी पडगने के अन्तर्गत वालीग्राम में.

धर्मस्थान पर लिखी गयी प्रत-प्रतसंख्या-६०३९७ में सतीसरोवणि बाईसुंदरी तिसके उपासरेमद्धे मंडिके लिक्षते.

एक ही प्रत के अलग-अलग अध्यायादि के अलग-अलग प्रतिलेखकादि-प्रतसंख्या-३५१ श्रीपालराजा का रास में प्रारंभिक तीनखंड मुनिश्री धनरूप एवं चतुर्थ खंड पं. नथमल्ल द्वारा लिखे जाने का उल्लेख मिलता है.

पद्यमय प्रतिलेखन पुष्पिका-प्रतसंख्या-७४३०३ में प्रतिलेखक हेतु-नित्यं महाकविवरैरिहशस्यमानः,षट्शास्त्रविज्ञनथमल्लमुनीश्वरोभूत्।तच्छात्रशौडमुनिसत्तम चोथमल्लो वित्तसुकीर्त्तिरमरद्रुमवद्धि लोके॥१॥ तत्पादाम्भोरूहद्वन्द्वमधुपो लघुलेखकः। इदं लिखितवान् बाला-रामः सज्जनकिंकरः॥२॥

प्रतिलेखन पुष्पिका में उपलब्ध विद्वान सूचना में कितने विद्वानों की सूचना उपलब्ध हैं यह बताने के लिये प्रतिलेखन पुष्पिकाओं को निम्न पाँच प्रकार से सूचित किया जाता है.

नहीं-प्रतिलेखक या कोई भी विद्वान प्रकार एक भी न हो तो वहाँ नहीं विकल्प मिलेगा. इससे वाचक को यह ज्ञात होगा कि प्रतिलेखनपुष्पिका संबंधी यहाँ एक भी विद्वान का उल्लेख नहीं है.

सामान्य-प्रतिलेखन पुष्पिका में १ से ३ तक विद्वान उपलब्ध हो तो सामान्य प्रकार का विकल्प मिलेगा.

मध्यम-प्रतिलेखन पुष्पिका में ४ से ५ तक विद्वान उपलब्ध हो तो मध्यम प्रकार का विकल्प मिलेगा.

विस्तृत-प्रतिलेखन पुष्पिका में ६ से ७ तक विद्वान उपलब्ध हो तो विस्तृत प्रकार का विकल्प मिलेगा.

अतिविस्तृत-प्रतिलेखन पुष्पिका में ८ या इससे भी अधिक अन्य विस्तृत सूचना सहित जानकारियाँ मिलती हों तो अतिविस्तृत प्रकार का विकल्प मिलेगा.

प्रतिलेखन पुष्पिका के उपर्युक्त वर्गीकरण से वाचक को यह लाभ मिलेगा कि

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

किस हस्तप्रत में प्रतिलेखकादि कितने विद्वान उपलब्ध हैं. उक्त विकल्पों को मात्र एक नजर देखते ही प्रतिलेखकादि संबंधित अपेक्षित जानकारी शीघ्र मिल जायेगी.

प्रतिलेखक की प्रत लिखने की पद्धति-जिस प्रकार रचयिता कृति निर्विघ्नतापूर्वक संपूर्ण हो जाए इस हेतु अपने गुरुदेव या इष्टदेव को स्मरण/वंदनपूर्वक मंगलाचरण करते हैं, उसी प्रकार अधिकांश प्रतिलेखक भी बाधारहित लेखन कार्य पूर्ण हो जाए इसके लिये प्रत लिखने के पहले ही मंगलसूचक चिह्न अंकित करते हैं. जिसे लोग भले मिंडु, ६० भले मिंडी के नाम से भी जानते है. इसके बाद सद्गुरुभ्यो नमः, ऐँ नमः, अर्हँ नमः, गणेशाय नमः आदि में से अपनी अभिरुचि व श्रद्धा के अनुसार यहाँ अपने देव-गुरु का स्मरण करते हैं.

कहीं मात्र भले मिंडी और कहीं तो मात्र दो दंड (॥) मंगलाचरण के रूप में देकर लेखनकार्य आरंभ किया हुआ देखने को मिलता है. लेखन प्रारंभ करते समय भले मिंडी मंगलसूचक चिह्न एवं लेखनकार्य समाप्त होने पर पूर्णतासूचक पूर्णकुंभ के आकार का (छ) जैसा चिह्न लिखा हुआ मिलता है. कालान्तर में यही चिह्न ॥ छ ॥ छ ॥ छ इस रूप में अभिप्रेत होने लगा. यदि प्रत के अंदर किसी अध्याय प्रकार वाले भाग का आदि/अंत हो, नयी कृति, नया विषय, पेटाकृति हो तो भी उक्त पद्धति का अमल किया जाता है.

प्रतिलेखक की लेखनशैली तथा इनके उद्गार-प्रतलेखन कार्य संपूर्ण होने पर प्रतिलेखक अपने श्रमसाध्य कार्य हेतु भाँति-भाँति के उद्गार भी प्रकट करते हैं. उदाहरण तौर पर कुछेक उद्गार यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है.

कभी-कभी तो अपना पल्लू झाड़ते हुए भी दोषमुक्ति हेतु निवेदन करते हैं कि-

यादृशं पुस्तकं दृष्ट्वा, तादृशं लिखितं मया।
यदि शुद्धमशुद्धं वा मम दोषो न दीयते ॥

लेखन काल में अपने कष्टों का वर्णन करते हुए भी कहते हैं कि-

बद्धमुष्टि कटिग्रीवा, अधोदृष्टिरधोमुखम्।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परिपालयेत् ॥

कभी ग्रंथ सुरक्षा हेतु निवेदन करते हैं कि-

उदकानलचौरेभ्यो मूषिकेभ्यो विशेषतः।
कष्टेन लिखितं शास्त्रं यत्नेन परिपालयेत् ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत-पोथी आदान-प्रदान में सावधानी पर ध्यान दिलाते हुए कहते हैं कि-

लेखनी पुस्तिका रामा, परहस्तेगता गता।
कदाचित् पुनरायाता, नष्टा भ्रष्टा च लुंचिता ।।

प्रतिलेखक इस प्रकार के विविध भावपरक उद्गारों के द्वारा वाचक से निवेदन करता है. प्रतिलेखक की लेखनशैली तथा इनके उद्गार, निखालसता, श्रुतसमर्पित भावना आदि के बारे में उदाहरणपूर्वक लिखा जाय तो वह अपने आप में एक पुस्तकरूप बन जायेगा. यहाँ तो मात्र संक्षेप में प्रतिलेखक द्वारा लिखने की शैली का परिचय दिया गया है. एक बात है कि हस्तप्रत की नियत व आदर्श लेखन पद्धति होते हुए भी देश-काल-पात्र, परंपरा आदि कारणों से लेखन शैली में भाँति-भाँति के लेखन आचार-व्यवहार देखने को मिलते हैं.

प्रतिलेखक प्रतिलेखन पुष्पिका में भाषा अपनी रुचि व मति के अनुसार संस्कृत, देशी आदि प्रयुक्त करते हैं. प्रतिलेखकों की सहज व सरल भाषा तो कभी-कभी पढते हुए बड़ा आनंद होता है साथ में विस्मय भी होता है कि वे धन्य हैं, जो अपने लेखन में अपनी वास्तविकता को स्वीकारने से हिचकते नहीं. कुछेक बातें जो याद हैं वे इस प्रकार हैं-शीघ्रगत्या लिखितम्, शारदेन्दुप्रभायां लिखितम् आदि. एक तरह से देखें तो हस्तप्रत इतिहास का दर्पण है, संभावनाओं का समंदर है, ज्ञान की गंगा है. यूं कहें तो इसमें क्या नहीं है? ग्रंथेस्मिन् किन्न विद्यते!

अंत में सम्पूर्णमलिखत् श्रीशांतिनाथ प्रसादात्, श्रीपार्श्वनाथ प्रसादात्, महावीरस्वामी सहाय छै. वाच्यमानं चिरं नन्द्यात्. शुभमस्तु लेखकपाठकयोः. कल्याणमस्तु, इत्यादि.

प्रतिलेखन पुष्पिका में निम्न प्रकारों से विद्वानों एवं व्यक्तियों का उल्लेख होता है, जैसे कि-

आदर्श प्रतिलेखक-मूल रचना की सर्वप्रथम प्रति लिखनेवाला वह आदर्श प्रतिलेखक कहा जाता है. यहाँ तो इन्हें रचनासम्बद्ध विद्वान प्रकार की सूचि में रखा गया है किन्तु सर्वप्रथम प्रत लिखने के कारण उस प्रत के प्रतिलेखक तो हुए ही. वस्तुतः इनके द्वारा लिखी प्रत महत्ता की दृष्टि से दुर्लभ व मूल्यवान होती है. कारण कि वह एकमात्र प्रति होती है. वह प्रत शुद्धप्राय होती है.

संपादन-संशोधन की दृष्टि में वह प्रत अद्वितीय सिद्ध होती है. वह प्रत रचना

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

के काल की प्रत होती है. एक अनुमान से यह भी कहा जा सकता है कि वह प्रत रचनाकार या अन्य विद्वानों द्वारा संशोधित होती है. इस कक्षा के प्रतिलेखक अन्य लहियाओं की भाँति मात्र नकल करनेवाले नहीं होते बल्कि रचनाकार की कृति को सर्वप्रथम लिपिबद्ध करके ग्रंथारूढ करते हैं. इस तरह वह कृति तथा वह प्रति पहली वार लोकसम्मुख आती है. चूंकि प्रथमादर्श लेखक का उल्लेख रचना प्रशस्ति में ही होता है, अतः उसकी सूचना कृतिप्रशस्ति में ही संलग्न होती है. फिर भी यदि प्रथमादर्श लेखक के हाथों से लिखित प्रत ही साक्षात् ज्ञानभंडार में हो तो उसका उल्लेख प्रतिलेखक के प्रत के रूप में होता है.

एक ही कृति प्रतिलेखक भिन्न होने से रचना तो वही होगी किन्तु प्रतिलेखन पुष्पिका बदल जायेगी, लेकिन प्रथमादर्श प्रतिलेखक की सूचना रचना प्रशस्ति का अविभाज्य अंग होने से लेखक होते हुए भी वह सूचना नहीं बदलती है. अर्थात् रचनाकार प्रदत्त सूचना की भाँति ही आदर्श प्रतिलेखक की सूचना भी उस रचना प्रशस्ति के तुरंत बाद ही प्रथमादर्श प्रति लिखने की सूचना के साथ उसकी कड़ी बन जाती है. कारण कि कृति के कर्त्ता की भाँति उस कृति का दूसरा कोई प्रथमादर्श प्रतिलेखक नहीं हो सकता.

उदाहरण के लिये संवत् ११२९ में श्रावक दोहडि श्रेष्ठि द्वारा प्रथमादर्श रूप में लिखित व नेमिचंद्रसूरि रचित उत्तराध्ययन की सुखबोधाटीका, आचार्य जिनलाभसूरि रचित आत्मप्रबोध ग्रंथ जिसके प्रथमादर्श प्रतिलेखक व संशोधक दोनों उपाध्याय क्षमाकल्याणकजी है. देखें इस कृति की प्रशस्ति-प्रथमादर्शेऽलेखि, क्षमादिकल्याणसाधुना श्रीमान्। संशोधितोऽपि सोऽयं, ग्रंथः सद्बोधभक्तिभृता॥

व्यवसाय व आजीविकालक्षी प्रतिलेखक-पारिश्रमिक राशि लेकर प्रत लिखना, अन्य ग्राम-नगर में जाकर प्रत लिखना, प्रत लिखकर विक्रय करना, जिन्हें प्रायः लहिया शब्द से जाना जाता है.उदाहरण तौर पर स्थानीय ज्ञानभंडार में प्रतसंख्या ६०४२५ में-लिपिकृतं पंडित नारायणचंद्र व्यास लि० २/चुकती पाया॥ पठनार्थं।ऋषि गोकुलचंद्रजी विजयगच्छ का हाल मुकाम अजीमगंज. दूसरा उदाहरण प्रतसंख्या-६०४६८ चितसंभुति रास की प्रतिलेखन पुष्पिकामें-वारैया ताराचंद राइचंद श्रीनवानगरवालाने कोरी ४५पीस्तालीस लखामणीनी लइ आ रास लखी आप्यो छे.

अध्यात्मलक्षी/विद्याव्यसनी प्रतिलेखक-श्रुतभक्ति से ज्ञान संपदा को टिकाए रखने हेतु लिखना, ज्ञानार्जन हेतु लिखना, अपने पास प्रति न होने पर औरों से लेकर

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत लिखना.

गुरुशिष्यपरंपरावर्ती प्रतिलेखक-साधु भगवंतों के द्वारा अपने शिष्य-प्रशिष्यों, मुमुक्षु, धर्मध्यानपरायण व श्रुतनिष्ठ श्रावकों के अध्ययनार्थ प्रत लिखना.

स्वपरहिताय प्रतिलेखक-ज्ञानावरणी कर्मक्षय के लिये तथा अन्य किसी भी भावी योग्य पात्रों के पठनार्थ स्वपरहिताय ग्रंथ लिखा करते है.

व्यक्तिगत उपयोगलक्षी प्रतिलेखक-धार्मिक स्वाध्याय आदि नित्यकर्म उपयोगी, औपदेशिक तथा ऐसे संकलन जैसे कि स्तुति, स्तवन, सज्झाय, रास आदि संग्रह जिससे निजानंद व अध्यात्म सुख पाते हैं. ऐसे प्रतिलेखक तो खुद के लिये लिखते है किन्तु कालान्तर में जाकर बहुजन हिताय बहुजन सुखाय सिद्ध होते हैं.

प्राचीन काल में विविध ज्ञानभंडारों में हस्तप्रतों की अनेक प्रतियाँ रखने हेतु श्रीसंघ द्वारा अपेक्षानुसार एकाधिक लहियाओं को बुलाकर हस्तप्रत लिखने, सुधारने का काम कराया जाता था. इस कार्य में स्थानीय व बाहर से भी प्रतिलेखक बुलाये जाते थे. कोई नये ग्रंथ की रचना हुई तो विविध भंडारों में हस्तप्रत रखने हेतु अधिक प्रतों की आवश्यकता पड़ती थी. उसी तरह से लेखन का काम अनवरत किया जाता था.

क्वचित् विशिष्टतम कक्षा के ग्रंथ को हाथी की अंबाडी पर रखकर शोभायात्रा के साथ बड़े धूमधाम से उत्सवपूर्वक लोकाभिमुख किया जाता था. सिद्धहेमशब्दानुशान की रचना के बाद शोभायात्रा का प्रसंग तो भली भाँति सब जानते ही हैं. उदाहरण के लिये प्रत संख्या-६७७ में श्रीदानसूरि के सानिध्य में अहमदाबाद निवासी सहजपाल, उसकी पत्नी, पुत्र विमलदास ने शत्रुंजय का संघ निकाला, तालध्वज एवं उज्जयंत तीर्थगिरि का जीर्णोद्धार किया एवं ज्ञानावरणीय कर्मक्षयार्थ इस प्रकार की शतश: प्रति स्वयं लिखवाई.

इस प्रकार लिखना ही जब एकमात्र साधन था तो स्वयं लिखकर या लिखवाकर ग्रंथ संग्रह किया जाता था. सर्वाधिक लिखने का काम साधु-साध्वीजी भगवंत, यति-महात्माओं द्वारा देखा गया है. इसका कारण है कि साधु जीवन स्वावलंबी होता हैं.

सतत अध्ययन, अध्यापन, लेखन, संशोधन आदि कार्यों से जुड़े होने से यह कार्य इनके जीवन का एक हिस्सा बन जाता है. साथ ही इनके द्वारा लिखी गयी प्रत कोई गुरुनिश्रा आदि होने से शुद्धप्राय होती है. इसके बाद व्यवसायजीवी प्रतिलेखकों द्वारा लिखी गयी प्रतें मिलती हैं. गृहस्थ श्रावकों द्वारा लिखा जाना तो कम परन्तु

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लिखने हेतु द्रव्यव्यय तथा साधु भगवंतों को लेखनोपयोगी उपकरणों की पूर्ति में अनुपम योगदान की श्रुतनिष्ठा विपुलता से देखी गयी है. आज भी परंपरागत हस्तप्रत लेखन का कार्य नमूने तौर पर कुछेक जगह देखे जाते हैं.

अनुपूर्त्तिकार-जब एक प्रतिलेखक द्वारा किसी कारण से लिखी हुई प्रत अधूरी रह जाती है, उस लेखनकाल के समीप या कुछ समय बाद किसी अन्य के द्वारा प्रत को पूर्ण किया जाता है, उसे अनुपूर्त्तिकार कहा जाता है. ऐसी प्रतों में मूल प्रत अपूर्ण लिखे जाने से प्रतिलेखक का नाम नहीं होता तथा जो अनुपूर्ति करता है उसके लिये भी लिखनेवाला प्रतिलेखक ही माना जाता है. किन्तु अनुपूर्ति रूप प्रत होने से प्रत की विशेषता कोड में अनुपूरित संकेत लगाया जाता है.

कभी-कभी तो प्रतिलेखक का नाम भी नहीं लिखा मिलता है. ऐसी स्थिति में लिखावट देखकर समझा जाता है. उदाहरण के लिये प्रतसंख्या-७२८३३ पंचमहाव्रत सज्झाय नामक प्रत अपूर्ण है, इसके प्रारंभिक पत्र नहीं है तथा प्रथम महाव्रत सज्झाय अंत में किसी अन्य प्रतिलेखक द्वारा लिखी गई है. इसमें सज्झाय-२ से ४ अज्ञात प्रतिलेखक द्वारा लिखी गयी है तथा प्रथम सज्झाय अनुपूरित पाठ के रूप में प्रतिलेखक चिमनसिंधु (चिमनसागर) द्वारा लिखी गई है.

लिखापितम् (लिखवानेवाला)-हस्तप्रत लिखवाने में जो धन व्यय करता है. प्रतिलेखन पुष्पिका में उस भाग्यशाली शेठ के नाम का उल्लेख करते हुए लिखापितम् ऐसा लिखा जाता है. 'धर्माराधक श्रेष्ठिवरेण स्वद्रव्यव्ययेन लिखापितेयं प्रति' ऐसा लिखा हुआ प्रतों में मिलता है. इस उदाहरण के द्वारा द्रष्टव्य है कि प्रतसंख्या-३५ महानिशीथसूत्र नामक प्रत की पुष्पिका में उल्लिखित विवरण के अनुसार मुंबई अन्तर्गत श्रावक माणेकलाल चुनीलाल ने वि.सं.१९९६ में प्रतिलेखक कस्तूरचंद व्यास के द्वारा प्रत लिखवायी है.

प्रतिसंशोधक-प्रतिलेखक द्वारा लिखे जाने पर प्रत के अन्दर पाठ में रही भूलों को नियत संकेत द्वारा सुधारनेवालों को प्रति संशोधक कहा जाता है. प्रत की छवि बिगड़े भी नहीं तथा पाठ शुद्ध-शुद्ध पढा भी जाय, इस दृष्टि से विभिन्न परंपरागत संकेतों के द्वारा सुधारा जाता है. कोई-कोई प्रत में शुद्धिकरण पश्चात् प्रति संशोधक अपने नाम का भी उल्लेख करता है. आजकल जो प्रूफरीडर काम करता है वही कार्य बड़े सलीके से हस्तप्रत का पाठ सुधारनेवाला प्रतिसंशोधक करता है. उदाहरण के लिये द्रष्टव्य है प्रतसंख्या-५८०८० धनदत्त चौपाई नामक प्रत को मुनि तेजसिंघ के

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शिष्य मुनि कानजी ने प्रतिसंशोधन किया है.

गच्छाधिपति-हस्तप्रत का लेखन कार्य जिन गच्छाधिपति के धर्मराज्य में किया गया हो,उन गच्छाधिपतिश्री का उल्लेख प्रतिलेखक प्रतिलेखन पुष्पिका में करता है. उदाहरण के लिये द्रष्टव्य है प्रत संख्या-५२११९ धर्मोपदेशशतक-सटीक प्रत की प्रतिलेखन पुष्पिका में उल्लेख इस प्रकार है-"संवत् १६६१वर्षे पौषासितपंचम्यां शनौ श्रीबृहत्खरतरगच्छेश्वर युगप्रधान श्रीजिनचंद्रसूरि विजयराज्ये पं. लब्धिकल्लोलगणिनालेखि स्वशिष्य पं.गंगदासमुनि वाचनार्थे जगत्तारिणीमध्ये" अतः इस पुष्पिका से समझ सकते हैं कि गच्छाधिपति युगप्रधान आचार्य श्रीजिनचंद्रसूरि के विजयराज्य (धर्मराज्य)में यह प्रत लिखी गयी है.

राज्यकाल-जिस राजा, महाराजा व बादशाह के शासनकाल में प्रत लिखी गयी हो. उसका उल्लेख कुछ प्रतिलेखक अपनी प्रतिलेखन पुष्पिका में करता है. ऐतिहासिक दृष्टि से यह एक महत्त्वपूर्ण सूचना होती है.

जैसे कि प्रतसंख्या-५५६९७ निर्घंटुनाममाला की प्रतिलेखन पुष्पिका में प्रतिलेखक पंडित धीरसागर के द्वारा मेडतानगर में संवत् १७८० में राजा अजीतसिंघजी के राज्यकाल में प्रत लिखी जाने का स्पष्ट उल्लेख मिलता है. प्रत में इस प्रकार उल्लेख मिलता है- "लिखितवान् पं.धीरसागरः श्रीमेडतानगरे संवत् १७८०वर्षे शाके १६४५ प्रवर्त्तमाने चैत्रमासे शुक्लपक्षे १३तिथौ अर्कवासरे माहराज श्रीअजीतसिंघजी राज्ये॥श्री। श्री॥" इससे उस समय में प्रतिलेखक व राजा दोनों की विद्यमानता का भी प्रमाण मिलता है.

उन दोनो की विद्यमानता से लिखी गयी प्रत के लेखनकाल की विश्वसनीयता भी प्रमाणित हो जाता है.यहाँ धर्मराजय व विजयराज्य दोनों में भेद को स्पष्ट किया जाता है कि धर्मराज्य उसे कहते हैं कि जिस गच्छ के गच्छाधिपति के प्रवर्त्तमान धर्मशासन काल में प्रत लिखी गयी हो उसे धर्मराज्य के रूप में जाना जाता है, हस्तप्रतों में प्राप्त प्रतिलेखन पुष्पिका में भी क्वचित् `विजयिनि धर्मराज्ये', व `विजयराज्ये' शब्द का उल्लेख मिलता है. राज्यकाल हेतु देश/प्रदेश/ के प्रशासनिक राज्य शासन काल अन्तर्गत जिस राजा, महाराजा व बादशाह(पातिशाह) आदि की विद्यमानता हो उसके लिये राज्ये रूप में समझा जाता है.

पठनार्थे-इसके अन्तर्गत प्रतिलेखक जिस किसी व्यक्ति को पढने के निमित्त से प्रत लिखता है, उसका नामोल्लेख करता है. वह व्यक्ति कोई भी हो सकता है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जैसे कि-शिष्य-प्रशिष्य, मुमुक्षु, श्रावक, श्राविका राजा आदि. इसे बताने के लिये व्यक्तिविशेष का नाम लेते हुए पठनार्थे, वाचनार्थे, अध्ययनार्थे आदि पढने संबंधी शब्दार्थवाले पर्याय का उल्लेख करता है. उदाहरण के लिए प्रतसंख्या-२६ कल्पसूत्र को देखा जा सकता है कि इसमें प्रतिलेखक पंन्यास श्री निधानविजयजी ने अपने शिष्य मुनि रूपविजय के लिये प्रत लिखा है.

प्रेरक-प्रतिलेखक को लिखने की प्रेरणा जिस व्यक्ति से मिलती है, उस व्यक्ति का नाम लिखा जाता है. प्रतिलेखक के मित्र, गुरु, शिष्य, श्रावक आदि कोई भी व्यक्ति प्रेरकरूप हो सकते हैं. उदाहरणार्थ प्रत संख्या-२६८९७ में उल्लिखित पुष्पिका के अनुसार श्रावक भगवानदास के आग्रह व प्रेरणा से वाराणसी में आचार्य विजयधर्मसूरि ने इस प्रत को लिखा है.

उपदेशेन-हस्तप्रत लिखने अथवा लिखवाने के लिये जिस गुरु का उपदेश होता है, उसे हस्तप्रत लेखन उपदेशक कहा जाता है. समय-समय पर धर्मगुरुओं के द्वारा वे हस्तप्रत भंडार श्रुतसंपदासम्पन्न भंडार रहे, हर प्रकार के साहित्य उपलब्ध हो सकें, अपेक्षानुसार एक ग्रंथ की एकाधिक प्रतियाँ हों आदि आशय से श्रीसंघ को या श्रुतभक्तों को हस्तप्रत लिखवाने हेतु उपदेश दिया जाता था.

प्रतिलेखक स्पष्ट रूप से उन आचार्य आदि का प्रतिलेखन पुष्पिका में उल्लेख करते हैं. ज्ञानमंदिर की संगणकीय तकनीकी व्यवस्था में उपदेशेन विकल्प के द्वारा अपेक्षित गुरुभगवंत के उपदेश से लिखवायी गयी प्रतों का पता लग सकता है. उदाहरणार्थ प्रत संख्या-१०९९१आचारांगसूत्र की प्रतिलेखन पुष्पिका में इस प्रत हेतु अंचलगच्छीय आचार्य श्री धर्ममूर्त्तिसूरि के उपदेश से लिखी जाने का उल्लेख मिलता है.

गुरुपितृपरंपरा-हस्तप्रत प्रतिलेखन पुष्पिका में विद्वानों की जो परम्परा मिलती है, उसे दर्शाने के लिये आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर में संगणकीय तकनीकी पद्धति व ग्रंथालयीय नियम अन्तर्गत इस प्रकार का सांकेतिक/काल्पनिक विद्वान प्रकार बनाया गया है. ताकि विद्वान की गुरु या पितृपरंपरा संबंधी जो विवरण उपलब्ध होता हो उसका संग्रहण किया जा सके. परंपरागत यह प्रणाली रही है कि परिचय देते समय पहले गच्छ, दादा गुरु, आदि दीक्षागुरु तथा बाद में लघुता-सरलतापूर्वक अपना नाम बताते हैं, हस्तप्रतों में श्रमणपरम्परा की ऐसी रीति देखी जाती है.

गृहस्थों में भी ज्ञाति, ग्रोत्र, पितामह, पिता इसके बाद अपना नाम लेते हैं. वैदिक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

या श्रमण अथवा भारतीय ऐसी किसी भी परम्परा में अपना परिचय देने का एक अलग ही आदर्श था. परिचय इस प्रकार दिया जाता कि उसके अंदर आवश्यक सभी जानने जैसी सूचनाएँ मिल जाती.

पुष्पिका में क्वचित् ही ऐसा मिलता कि मात्र अपने नाम का ही उल्लेख हो. इसका मुख्य कारण यह भी हो सकता है कि एक ही नाम के अनेक लोग होते हैं तो कौन किस गच्छ के, किसके शिष्य, किस जाति के किसके पुत्र-प्रपौत्र, कहाँ के रहनेवाले आदि सूचनाएँ एक में मिलकर भ्रामक न बन जाये. इस हेतु से अमुक गच्छे, अमुकान्वये, आचार्यप्रवर.....तच्छिष्य, प्रशिष्य, तदन्तेवासी, गुरुपादपद्मभृंगेन अमुकमुनिनालेखि. इसी तरह तत्पौत्र, तत्पुत्र इत्यादि संबंधसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए अपने नाम का उल्लेख करते हैं.

प्रतिलेखन पुष्पिकागत इस प्रकार के महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक व्यक्ति, नामों को यूं ही न छोड़कर उसे उसी तरह संबंध बतलाते हुए, उन संबंधों को योग्य संयोजन करते हुए इस पद्धति के उपयोग से ऐसे प्रत्येक व्यक्ति नाम को संयोजन करके रखा जाता है. इसे संक्षेप में गुरुपितृपरंपरा कहते हैं.

यद्यपि वर्त्तमान में लम्बी गुरुपितृपरंपरा की सूचना संयोजित नहीं की जाती है. उक्त गुरुपरंपरा का उदाहरण इस रूप रूप द्रष्टव्य है-प्रत संख्या-१४ में प्रतिलेखक मुनि रंगसौभाग्य है, इनके गुरु पंन्यास खुशालसौभाग्य, इनके गुरु उपाध्याय सुंदरसौभाग्य एवं इनके गुरु रंगसौभाग्य की परंपरा का उल्लेख किया गया है.

गुरुभ्राता-एक ही गुरु से जो-जो व्यक्ति दीक्षा लेते हैं,तो उस गुरु के जितने शिष्य होते हैं वे गुरुभ्राता के रूप से जाने जाते हैं. उदाहरण के रूप में प्रत संख्या-६३३८० की प्रतिलेखन पुष्पिका में अमृतविजय के शिष्य देवेन्द्रविजय व जयविजय हैं. अतः इन दोनों के परस्पर संबंध का उल्लेख गुरुभ्राता के रूप मिलता है.

व्याख्याने पठित-प्रतिलेखक द्वारा लिखित प्रत जिस साधुभगवन्त के व्याख्यान में पढी गयी हो, उस विद्वान प्रकार का उल्लेख यहाँ करते हैं. प्रत लिखवाने के बाद गुरुभक्ति व श्रुतनिष्ठा से गुरुभगवंत को व्याख्यान में पढने हेतु निवेदन किया गया हो तथा गुरुभगवंत के द्वारा व्याख्यान में वही प्रत उपयोग हुई हो तो उसे प्रतिलेखक अपनी पुष्पिका में जिस प्रकार "व्याख्याने पठितम्" का उल्लेख करते हैं, उसी शब्द को यथावत् ग्रहण करते हुए वह नाम भी संग्रहित किया हुआ होता है.

(क्रमशः)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पुस्तक समीक्षा

डॉ. हेमन्तकुमार

- ❖ **पुस्तक नाम** : जैन शिल्प विधान
- ❖ **संकलन-संपादन** : मुनि श्री सौम्यरत्नविजयजी म. सा.
  भाग - १ शिल्पशास्त्र प्रवेशिका एवं
  भाग - २ शिल्पशास्त्र सचित्र विभाग
- ❖ **प्रकाशक** : जिनशासन आराधना ट्रस्ट, मुंबई
- ❖ **प्रकाशन वर्ष** : ईस्वी सन् २०१३
- ❖ **मूल्य** : ३००/-
- ❖ **भाषा** : गुजराती

मुनिश्री सौम्यरत्नविजयजी म. सा. द्वारा संकलित एवं संपादित **"जैन शिल्प विधान"** मंदिर निर्माण हेतु एक मार्गदर्शक ग्रन्थ है. पूज्यश्री ने शिल्प संबंधी अनेक शास्त्रों का तलस्पर्शी अध्ययन व आलोडन किया है.

साथ ही प्रस्तुत ग्रंथ को बहुपयोगी बनाने हेतु आपने १०वीं शताब्दी से २०वीं शताब्दी के मध्य निर्मित अनेकानेक मंदिरों का प्रत्यक्ष अभ्यास किया है, शिल्पविद्याशाखा के प्रतिष्ठित विद्वानों, विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों, संशोधकों, भूस्तरशास्त्र के विशेषज्ञों, वास्तु-उर्जा के वैज्ञानिकों एवं मंदिर निर्माण की परम्परा से जुड़े अनुभवी विद्वानों के साथ विचार-विमर्श कर मंदिर निर्माण के तत्त्वों को प्रस्तुत किया है.

मुनिश्री ने प्रस्तुत ग्रंथ में अध्याय की जगह अपने प्रगुरु आचार्य श्री हेमचंद्रसागरसूरिजी म. सा. के नाम से हेमशिल्प का प्रयोग किया है. ९ हेमशिल्पों में विभक्त इस ग्रन्थ में मुनिश्री ने शिल्प सर्जन के क्षेत्र में आने वाली शंकाओं एवं दुविधाओं को शास्त्रविधि एवं परम्परा के अनुसार दूर करने का महत्तम प्रयास किया है.

प्रस्तुत ग्रंथ के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि इसमें एकमात्र जैन मंदिर से संबंधित विषयों का ही प्रतिपादन हुआ हो ऐसा नहीं है, इसमें श्रमणसंस्कृति और

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वैदिकसंस्कृति द्वारा मान्य मंदिरस्थापत्य निर्माणशैली का समान रूप से निरूपण किया गया है.

भूमिग्रहण, खातमुहूर्त, शिलान्यास, तलशिल्प, शिखरशिल्प, ध्वजा आदि से संबंधित सभी विषयों का बहुत ही सुन्दर ढंग से विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया है.

वैसे तो शिल्पशास्त्र से संबंधित विभिन्न भाषाओं में अनेक ग्रंथ उपलब्ध हैं, जिनमें विभिन्न विषयों का समाधान तो मिलता है, किन्तु एक जगह सभी विषयों से संबंधित सामग्री का उपलब्ध होना अपने आप में एक आह्लादक विषय है. मंदिरनिर्माण से जुड़े व्यक्तियों को यह ग्रंथ मार्गप्रदर्शन करेगा.

प्राचीन काल से ही भारतभर में मंदिरनिर्माण होता रहा है. अनेक मंदिर, राजमहल, किला, हवेलियाँ आज हमारे उच्च शिल्पस्थापत्य के उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं. समय के साथ अनेक प्राचीन कलाएँ नामशेष रह गई हैं, परन्तु मानव समाज के लिये अत्यंत उपयोगी होने के साथ-साथ आनादिकाल से जुड़े होने के कारण आज भी शिल्पकला जीवन्त है.

आज मंदिर या भवन बनाने में प्राचीन काल में उपयोग में आने वाली वस्तुओं की जगह सिमेन्ट-कंक्रीट ने ले ली है, जिसके कारण शिल्पकला का उतना उपयोग नहीं हो पा रहा है, फिर भी लकड़ी, मार्बल, संगमरमर आदि पत्थरों से निर्मित मंदिरों या भवनों में शिल्पकला का पूरा-पूरा उपयोग हो रहा है, जिसके कारण आज भी शिल्पकला जीवन्त है.

पूज्य साधु-साध्वीजी भगवन्तों की पावन प्रेरणा से प्रेरित होकर श्रावक मंदिर निर्माण हेतु कार्य प्रारम्भ करते हैं. उनमें से अधिकांश लोगों को इस विषय का कोई ज्ञान नहीं होने के कारण उन्हें शिल्पी जो समझाता है उसी अनुसार कार्य करवाते हैं तथा अपने धन का सदुपयोग करते हैं.

यहाँ सबसे बड़ी समस्या यह है कि अज्ञानता के कारण धन व्यय करने पर भी हम अपने लक्ष्य को पूरा-पूरा प्राप्त नहीं कर पाते हैं. केवल मंदिर निर्माण हेतु स्थल का चयन, योग्य डिजाइन-नक्शा आदि का उपयोग करने से ही मंदिर बनाने का उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है. क्योंकि मात्र मंदिर बनाने, नक्काशी करवाने आदि से ही मंदिर नहीं होता है, मंदिर मात्र संस्कृति का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि यह पूर्णतः संस्कृति ही है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मानवजीवन की प्रत्येक घटना के साथ मंदिर का संबंध जुड़ा हुआ है. शुभकार्य के प्रारम्भ में और अशुभकार्य के अन्त में देवदर्शन हेतु या आध्यात्मिक अभिप्सा के लिए मानव के जीवन में मंदिर केन्द्र स्थान है. यदि पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर या गृह का निर्माण किया जाए तो वहाँ चेतना के सर्जन का अनुभव होता है. गृह भी मंदिर की भाँति शांतिदायक सिद्ध होता है.

गुजराती भाषा में निबद्ध तथा शिल्पविद्या के संपूर्ण विषयों को समाहित करता यह ग्रंथ मंदिरनिर्माण, गृहनिर्माण आदि कार्यों से जुड़े व्यक्तियों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा. यह ग्रंथ दो भागों में प्रकाशित है.

इसके प्रथम भाग में शिल्पशास्त्र से संबंधित विषयों का ज्ञान भरा हुआ है तो दूसरे भाग में मंदिरनिर्माण से संबंधित सभी वस्तुओं व मंदिर के सभी भागों का चित्र दिया गया है तथा चित्र के साथ आवश्यक दिशानिर्देश भी दिया गया है, जिससे इस कार्य का कम ज्ञान होने पर भी किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की दुविधा उपस्थित नहीं होगी.

गत कुछ वर्षों में मंदिरनिर्माणविधि में आई अशुद्धियों को प्राचीन शास्त्र व प्रचलित परंपरा आदि के प्रमाणों से शुद्ध करने का प्रयास किया है. आगे भी अनेक कार्य जो मुनिश्री कर रहे हैं, वे भी श्रीसंघ में प्रतीक्षिति हैं.

इस ग्रन्थ के स्वाध्याय से मात्र भारत में ही नहीं विदेश की धरती पर भी मंदिर निर्माण करवाना हो तो सभी शिल्पियों एवं समग्र जैनसंघ को मंदिरनिर्माण से संबंधित विषयों हेतु समुचित मार्गदर्शन व प्रेरणा प्राप्त होगी. मंदिर निर्माण हेतु समस्त विषयों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करते हुए प्रस्तुत ग्रंथ की रचना कर पूज्य मुनिश्री ने जिनशासन को एक बहुमूल्य कृति प्रदान की है.

पूज्य मुनिश्री शिल्पशास्त्र के अध्येता हैं, इन्होंने पूर्व में भी शिल्पशास्त्र से संबंधित जिनालयनिर्माण मार्गदर्शिका, धारणागतियंत्र पुस्तक एवं अनेक लेख लिखकर समाज को उपकृत किया है.

मंदिरनिर्माणविधि आदि से संबंधित विषयों की अद्यतन सूचनाओं से परिपूर्ण Website : www.shilpvidhi.org से भी मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है, जिससे समाज लाभान्वित हो रहा है. भविष्य में भी जिनशासन की उन्नति एवं श्रुतसेवा में समाज को उनका अनुपम योगदान प्राप्त होता रहेगा, ऐसी शुभेक्षा सहित कोटिशः वन्दन.

For Private and Personal Use Only

पू. आचार्य श्री विजयेंद्रसूरिजी उपर लखायेलो पत्र

Gulamhusen N. Shariff.
Merchants & C. Agents.
PALGHAR.
BRANCH-KELVA ROAD. (B. B. & C. I. RY.)

PALGHAR (Dist. THANA)......................19.......

[illegible]

My address as under.

N. H. Mokhi
The Hearth Home
Garden
Via Billimora B.B.C.I.R.
Baroda State (Dist. Surat)

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

TITLE CODE : GUJ MUL 00578. SHRUTSAGAR (MONTHLY). POSTAL AT. GANDHINAGAR. ON 15TH OF EVERY MONTH. PRICE : RS. 15/- DATE OF PUBLICATION **OCTOBER 2014**



To,

BOOK-POST / PRINTED MATTER

प्रकाशक

आचार्य श्री कैलाससागरसूरि ज्ञानमंदिर

श्री महावीर जैन आराधना केन्द्र कोबा, गांधीनगर ३८२००७

फोन नं. (०७९) २३२७६२०४, २०५, २५२, फेक्स (०७९) २३२७६२४९

Website : www.kobatirth.org

email : gyanmandir@kobatirth.org

PRINTED, PUBLISHED AND OWNED BY : SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA,
PRINTED AT : NAVPRABHAT PRINTING PRESS. 9-PUNAJI INDUSTRIAL ESTATE, DHOBHIGHAT, DUDHESHWAR, AHMEDABAD-380004 **PUBLISHED FROM** : SHRI MAHAVIR JAIN ARADHANA KENDRA, NEW KOBA, TA. & DIST. GANDHINAGAR, PIN : 382007, GUJARAT.
EDITOR : KANUBHAI LALLU

For Private and Personal Use Only